# भारतीय अंडर-19 गेंदबाजों का दबदबा

## जेसन राउल्स ने अकेले दम पर संघर्ष करते हुए शतकीय पारी खेली

**27** 49.3 ओवर में समेट दी भारत ने दक्षिण अफ्रीकी पारी

**04** अहम विकेट किशन सिंह के नाम

**245** पर ऑल आउट दक्षिण अफ्रीका




**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), 05 जनवरी किशन सिंह की घातक गेंदबाजी के दम पर भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने दूसरे यूथ वनडे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 49.3 ओवर में 245 रन पर समेट दिया।**

एक छोर से जहां दक्षिण अफ्रीकी विकेट लगातार गिरते रहे, वहीं जेसन राउल्स ने अकेले दम पर संघर्ष करते हुए शतकीय पारी खेली, लेकिन उनकी कोशिशें टीम को बड़े स्कोर तक नहीं पहुंचा सकीं। आज यहां टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शुरुआत में मेजबान टीम को भारतीय गेंदबाजों के सटीक लाइन-लेंथ के कारण खुलकर खेलने का मौका नहीं मिला। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण ने शुरुआत से ही दबाव बना लिया, जिसके चलते दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते चले गए. दक्षिण अफ्रीका की ओर से जेसन राउल्स ने जिम्मेदारी भरी पारी खेली। उन्होंने 113 गेंदों में सात चौके और तीन छक्कों की मदद से 114 रन बनाए। राउल्स एक छोर पर टिके रहकर रन गति बनाए रखने की कोशिश करते रहे, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें लगातार विकेट गिरने का सामना करना पड़ा। डेनियल बोसमैन ने 31 रन बनाए, जबकि अदनान लगादीन 25 रन जोड़ सके। इसके अलावा अरमान मनैक (16), कप्तान मुहम्मद बुलबुलिया (14) और जोरिख वान स्कालक्वेक (10) दहाई के आंकड़े तक पहुंच सके। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाया और अधिकांश बल्लेबाज सस्ते में पवेलियन लौट गए। भारतीय गेंदबाजों ने परिस्थितियों का बेहतरीन उपयोग किया।

> अमब्रिश ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए दो विकेट हासिल किए। इसके अलावा दीपेश देवेंद्रन, कनिष्क चौहान और खिलन पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट कर टीम के गेंदबाजी प्रयास को मजबूती दी। भारतीय गेंदबाजों की सामूहिक कोशिशों के चलते दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम 49.3 ओवर में 245 रन पर सिमट गई मैच की स्थिति को देखते हुए भारतीय टीम ने इस स्कोर को नियंत्रित करने योग्य माना जा रहा है। भारतीय गेंदबाजों का अनुशासित प्रदर्शन और लगातार दबाव बनाए रखने की रणनीति साफ तौर पर सफल रही।

### बड़े साझेदारी बनाने से रोके

किशन सिंह ने शानदार लय में गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके और दक्षिण अफ्रीकी मध्यक्रम की कमर तोड़ दी। उन्होंने अहम मौकों पर विकेट निकालकर विपक्षी टीम को बड़े साझेदारी बनाने से रोके। खासकर मध्य ओवरों में विकेट निकालने की क्षमता ने दक्षिण अफ्रीका को लय में आने से रोके रखा भारतीय अंडर-19 टीम ने गेंदबाजी में दमदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले में मजबूत स्थिति बना ली है। अब भारतीय बल्लेबाजों पर जिम्मेदारी होगी कि वे इस स्कोर का पीछा करते हुए टीम को जीत की दिशा में ले जाएं।

# जो रूट का शतक से इंग्लैंड मजबूत

- एशेज टेस्ट में इंग्लैंड ने 384 रन बनाए
- जो रूट ने खेली 160 रनों की शानदार शतकीय पारी
- इंग्लैंड पहली पारी में 384 पर सिमटा
- ऑस्ट्रेलिया स्टंप्स तक 218 रन पीछे



**सिडनी, 05 जनवरी जो रूट की क्लासिक बल्लेबाजी और गेंदबाजों के सधे हुए प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने एशेज के पांचवें टेस्ट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। जो रूट (160) के शानदार शतक और हैरी ब्रूक (84) की अहम अर्धशतकीय पारी की मदद से इंग्लैंड ने पहली पारी में 384 रन बनाए।**

इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 166 रन बना लिए, लेकिन वह अभी भी इंग्लैंड से 218 रन पीछे है। इंग्लैंड ने आज सुबह तीन विकेट पर 211 रन से आगे खेलना शुरू किया। पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार जरूर थी, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज लगातार दबाव बनाने की कोशिश में लगे रहे। सुबह के सत्र में इंग्लैंड को पहला झटका हैरी ब्रूक के रूप में लगा, जो 226 के स्कोर पर स्कॉट बोलैंड की गेंद पर स्टीव स्मिथ को कैच दे बैठे। ब्रूक की पारी इंग्लैंड के लिए बेहद अहम रही, क्योंकि उन्होंने मिडिल ऑर्डर में टिककर रन बनाए।

इसके कुछ ही देर बाद इंग्लैंड को दूसरा बड़ा झटका लगा जब कप्तान बेन स्टोक्स बिना खाता खोले मिचेल स्टार्क की गेंद पर आउट हो गए। कप्तान का जल्दी आउट होना इंग्लैंड के लिए चिंता का विषय था, लेकिन दूसरे छोर पर जो रूट पूरी मजबूती से डटे रहे। रूट ने इसके बाद जेमी स्मिथ के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों के बीच अहम साझेदारी हुई, जिसने इंग्लैंड को सम्मानजनक स्कोर की ओर पहुंचाया। जो रूट ने लंच से पहले 160 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का 41वां शतक पूरा किया। यह शतक उनकी तकनीक, संयम और अनुभव का बेहतरीन उदाहरण रहा।

> लंच के बाद भी रूट का बल्ला चलता रहा। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को धैर्यपूर्वक खेलते हुए गैप्स में रन बटोरे। जेमी स्मिथ 46 रन बनाकर मार्नस लाबुशेन की गेंद पर आउट हुए, लेकिन तब तक इंग्लैंड मजबूत स्थिति में पहुंच चुका था। विल जैक्स ने 27 रनों का योगदान दिया, हालांकि निचले क्रम के बल्लेबाज ज्यादा देर टिक नहीं सके। जो रूट ने 242 गेंदों में 15 चौकों की मदद से 160 रन बनाए। अंत में माइकल नीसर ने जॉश टंग को बोल्ड कर इंग्लैंड की पहली पारी 384 रन पर समाप्त कर दी।


### एक नजर में

## बंगलादेश में नहीं होगा आईपीएल मैचों का प्रसारण

**ढाका.** बंगलादेश के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोमवार को देश के सभी ब्रॉडकास्टर्स को इंडियन प्रीमियर लीग का प्रसारण बंद करने का निर्देश दिया। यह निर्देश आईपीएल 2026 सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स से तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर किए जाने के बाद आया है। इसके बाद, बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत में अपने टी-20 विश्व कप मैच न खेलने का भी फैसला किया था और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से औपचारिक रूप से अपने मैचों को दूसरी जगह कराने का अनुरोध किया था। मंत्रालय की ओर से आज प्रसारण पर प्रतिबंध लगाये जाने आधिकारिक नोटिफिकेशन के जरिए जारी किया गया। इस आदेश पर सहायक सचिव फिरोज खान के हस्ताक्षर है। यह सभी आईपीएल मैचों और संबंधित प्रोग्रामिंग पर लागू होता है और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। मंत्रालय ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के 26 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल सीजन के लिए केकेआर टीम से मुस्तफिजुर को बाहर करने के फैसले का संज्ञान लिया। नोटिफिकेशन में कहा गया है, 'ऐसे फैसले का कोई उचित कारण पता नहीं है। ऐसे फैसले से बंगलादेश के लोगों में दुख, परेशानी और गुस्स है। इन परिस्थितियों में आदेश दिया जाता है कि इंडियन प्रीमियर लीग के सभी मैचों और कार्यक्रमों का प्रसारण और ट्रांसमिशन अगले निर्देशों तक बंद कर दिया जाए।



## राडुकानू ने ओसाका के खिलाफ यूनाइटेड कप मुकाबले से नाम वापस लिया



**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया).** ग्रेट ब्रिटेन की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी एम्मा राडुकानू ने यूनाइटेड कप में नाओमी ओसाका के खिलाफ अपने मैच से नाम वापस ले लिया। राडुकानू की गैरमौजूदगी में ग्रेट ब्रिटेन ने ऑस्ट्रेलिया में जापान के खिलाफ 2-1 से ग्रुप-स्टेज जीत के साथ अपने यूनाइटेड कप अभियान की शुरुआत की। ब्रिटिश नंबर वन खिलाड़ी ने अक्टूबर से कोई मैच नहीं खेला है और दिसंबर में पैर में मामूली चोट के कारण अमेरिका में दो प्रदर्शनी मैचों से नाम वापस ले लिया था। ग्रेट ब्रिटेन की टीम के कप्तान टिम हेनमैन ने मैच से पहले ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टर नाइन से कहा, 'मुझे ईमानदार होना होगा, वह बहुत करीब थी। यह आसान फैसला नहीं था। वह तैयारी कर रही थी और बहुत अच्छी तरह से अभ्यास कर रही थी। लेकिन हमें आज सुबह लगा कि यह थोड़ा जल्दी है।' राडुकानू की गैरमौजूदगी के बावजूद, ग्रेट ब्रिटेन जापान को हराने में कामयाब रहा और सोमवार को ग्रुप ई के दूसरे मुकाबले में ग्रीस का सामना करेगा।



## जूनियर राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप में कर्नाटक ने लड़के, महाराष्ट्र ने लड़की वर्ग का खिताब जीता

**नयी दिल्ली/बेंगलुरु.** 44वीं जूनियर राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप में कर्नाटक ने लड़के और महाराष्ट्र ने लड़की वर्ग का खिताब अपने नाम किया। जूनियर राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप के फाइनल में कर्नाटक के लड़कों ने महाराष्ट्र को 35-30 से हराया। वहीं लड़कियों के वर्ग महाराष्ट्र ने ओडिशा को 34-33 से हराकर अपने खिताब का बचाव किया। लड़कों के सेमीफाइनल में, महाराष्ट्र ने कोल्हापुर को 33-31 से हराया, जबकि कर्नाटक ने मध्य भारत को 33-20 से शिकस्त दी। वहीं लड़कियों के सेमीफाइनल में, महाराष्ट्र ने पंजाब को 28-14 से हराया, और ओडिशा ने कोल्हापुर को 29-27 से हराया। स्नेहा लामकाने (महाराष्ट्र) को लड़की वर्ग में 'जानकी अवार्ड' मिला, जबकि बी. विजय (कर्नाटक) को लड़के वर्ग में 'वीर अभिमन्यु अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

# नीरज ने जेएसडब्लयू से तोड़ा दशक पुराना नाता




**मुंबई, 05 दिसंबर, एक दशक की साझा उपलब्धियों और बेमिसाल कामयाबियों के बाद, जैवलिन थ्रोअर स्टार नीरज चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने आज अपनी औपचारिक साझेदारी को समाप्त करने की घोषणा की है।**

नीजर अब अपनी स्वयं की एथलीट मैनेजमेंट फर्म, वेल स्पोर्ट्स शुरू करने रहे हैं। नीरज ने कहा, 'पिछल 10 वर्षों में हमारा साथ तरक्की, भरोसे और कामयाबी से भरा रहा है। मेरे करियर को बनाने में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स का बहुत बड़ा हाथ रहा है और मैं उनके सहयोग और विजन के लिए हमेशा उनका आभारी रहूंगा। जैसे ही हम इस अध्याय को समाप्त कर रहे हैं, मैं उन्हीं मूल्यों को अपने सफर के अगले चरण में आगे ले जा रहा हूं।'

> नीरज का जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ जुड़ाव 2016 में शुरू हुआ था। अगले दशक में यह साझेदारी भारतीय खेल में एक निर्णायक ताकत बन गई। नीरज की उपलब्धियां ऐतिहासिक रही हैं। प्यार से उन्हें 'गोल्डन आर्म वाला आदमी' कहा जाता है, वह टोक्यो 2020 गेम्स में ट्रैक एंड फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने। इसके बाद उन्होंने 2023 में वर्ल्ड चैंपियनशिप गोल्ड और 2024 में पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता, साथ ही ग्लोबल सर्किट पर कई पोडियम फिनिश भी हासिल किए। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी दिव्यांशु सिंह ने कहा, 'नीरज के साथ काम करना जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में हम सभी के लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है।




## पीटीपीए से अलग हुए नोवाक

**बेलग्रेड, 05 जनवरी. सर्बिया के महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पारदर्शिता, संचालन की समस्याओं का हवाला देते हुए अपने द्वारा स्थापित पेशेवर टेनिस खिलाड़ी एसोसिएशन (पीटीपीए) से अलग होने की घोषणा कर दी है।**

जोकोविच ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उन्होंने यह यह फैसला 'सोच-समझकर' लिया गया है, और कहा कि हालांकि उन्हें संगठन की स्थापना के पीछे के विजन पर गर्व है, लेकिन उनके मूल्य अब इसकी मौजूदा दिशा से मेल नहीं खाते हैं।

उन्होंने लिखा, 'मुझे उस विजन पर गर्व है जिसे मैंने और कनाडा के वासेक ने पीटीपीए की स्थापना करते समय साझा की थी, जिससे खिलाड़ियों को एक मजबूत, स्वतंत्र आवाज मिली।

# ला लीगा में मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त




**स्पेन. स्पेन की शीर्ष फुटबॉल लीग ला लीगा के मैचडे-19 में रियल सोसिएदाद और एटलेटिको मैड्रिड के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हो गया।**

यह मैच तय समय यानी फुल-टाइम तक खेला गया और किसी भी टीम को विजयी बढ़त नहीं मिल सकी। ड्रॉ के चलते दोनों टीमों को अंक तालिका में एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच संतुलित खेल देखने को मिला। रियल सोसिएदाद ने घरेलू मैदान पर आक्रामक रवैया अपनाया, जबकि एटलेटिको मैड्रिड ने अपनी पारंपरिक मजबूत रक्षात्मक रणनीति के साथ जवाब दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों ने कई मौके बनाए, लेकिन गोलकीपरों और डिफेंस की सतर्कता के चलते स्कोर बराबरी पर बना रहा। दूसरे हाफ में खेल की गति और तेज हो गई। दोनों टीमों ने मिडफील्ड में नियंत्रण बनाने की कोशिश की और लगातार एक-दूसरे पर दबाव डाला। इसी दौरान मुकाबले में पहला गोल दर्ज हुआ, जिसके बाद खेल और अधिक प्रतिस्पर्धी हो गया। हालांकि बढ़त ज्यादा देर तक कायम नहीं रह सकी और विपक्षी टीम ने जवाबी गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। मैच के अंतिम मिनटों में दोनों टीमों ने जीत के लिए प्रयास किए।



## श्रेयस होंगे विजय हजारे ट्रॉफी में मुम्बई के कप्तान

**मुम्बई 05 जनवरी श्रेयस अय्यर को चोटिल शार्दुल ठाकुर की जगह विजय हजारे ट्रॉफी के शेष मैचों के लिए मुंबई टीम का कप्तान बनाया गया है।**

मुम्बई क्रिकेटए सोसिएशन ने सोमवार को एक बयान में कहा, 'एमसीए को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि श्रेयस अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी के शेष लीग मैचों के लिए मुंबई सीनियर पुरुष टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।'

विजय हजारे ट्रॉफी के बाद कप्तान के तौर पर अय्यर का बने रहना भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से अंतरराष्ट्रीय कर्तव्यों के लिए फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर करेगा।

### टूर्नामेंट ▶ आज से शुरू होने वाले बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में रोमांचक प्रदर्शन करेंगी

# पीवी सिंधु कल मलेशिया ओपन में चुनौती पेश करेंगी



**कुआलालंपुर, 05 जनवरी भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मंगलवार से मलेशिया ओपन 2026 में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी।**

यह टूर्नामेंट सिंधु के लिए पिछले सितंबर के बाद पहला बड़ा मुकाबला होगा, जब उन्होंने चाइना मास्टर्स में क्वार्टर-फाइनल में पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन एन से यंग से हारने के बाद बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर से दूरी बना ली थी। कुआलालंपुर के स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट इस साल का पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 इवेंट है, जिसे विश्व स्तरीय खिलाड़ियों की चुनौती माना जाता है। चोटों और शारीरिक मजबूरी के कारण 2025 का सीजन सिंधु के लिए कठिन रहा, लेकिन अब वे पूरी तरह तैयार होकर वापसी कर रही हैं। 30 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल दिसंबर में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 का खिताब जीतकर अपनी फॉर्म का अहसास कराया था। महिला एकल में सिंधु के साथ मालविका बंसोड़ और उन्नति हुड्डा भी भारत की चुनौती बढ़ाएंगी। दोनों युवा खिलाड़ी पिछले सीजन में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन कर चुकी हैं.

> पुरुष एकल में भारत की उम्मीदें लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी पर टिकी हैं। लक्ष्य सेन, जो पेरिस 2024 ओलंपिक सेमी-फाइनलिस्ट भी रह चुके हैं, और आयुष शेट्टी ने पिछली साल सुपर 500 और सुपर 300 टूर्नामेंट में सफलता का स्वाद चखा था। हालांकि उनका पिछले सीजन का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा और कई बार वे शुरुआती राउंड में ही बाहर हो गए, लेकिन अब दोनों खिलाड़ी पूरी तैयारी के साथ इस टूर्नामेंट में उतर रहे हैं।